भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

राज्य सभा

लिखित प्रश्न सं.138

गुरुवार, 20 जुलाई, 2023/29 आषाढ़, 1945 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विपणन अभियान

138. श्री कार्तिकेय शर्मा:

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) मंत्रालय द्वारा भारत की विविधतापूर्ण सांस्कृतिक विरासत, प्राकृतिक सौंदर्य और पर्यटक आकर्षणों को प्रदर्शित करने के लिए योजनाबद्ध अथवा निष्पादित किए जा रहे व्यापक स्तर पर चलाए जाने वाले विपणन अभियानों का ब्यौरा क्या है ताकि वैश्विक मंच पर इसकी दृश्यता बढ़ाई जा सके;

(ख) सरकार इन नीतिगत परिवर्तनों और विपणन पहलों के प्रभावी कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए राज्य पर्यटन बोर्डों, यात्रा संघों और निजी क्षेत्र की संस्थाओं जैसे विभिन्न हितधारकों के साथ किस प्रकार सहयोग करने का विचार रखती है; और

(ग) क्या मंत्रालय के इन उपायों के कार्यान्वयन के परिणामस्वरूप पर्यटकों के आगमन में प्रत्याशित वृद्धि और पर्यटन गतिविधियों से राजस्व सृजन के संबंध में कोई लक्ष्य या मानक स्तर निर्धारित किए हैं?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) : पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा वैश्विक पर्यटन बाजार में भारत की हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए विभिन्न भारतीय पर्यटन उत्पादों और देश के पर्यटन गंतव्यों के प्रदर्शन के उद्देश्य से पर्यटन सृजनकारी बाजारों में भारत का संवर्धन एक संपूर्ण गंतव्य के रूप में किया जाता है। निम्नलिखित कार्यकलाप किए गए:

(i) पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार और विभिन्न राज्य पर्यटन विभागों ने लंदन में डब्ल्यूटीएम 2022, मैड्रिड में एफआईटीयूआर 2023, बर्लिन में आईटीबी 2023, दुबई में एटीएम 2023 और फ्रैंकफर्ट, जर्मनी में आईएमईएक्स में भाग लिया। अपनी भागीदारी के दौरान पर्यटन मंत्रालय ने विदेशी टूर ऑपरेटरों, यात्रा एजेंटों और

विभिन्न अन्य हितधारकों के साथ बी टु बी बैठकें कीं । मंत्रालय ने महामारी के बाद अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों का स्वागत करने संबंधी भारत की तैयारी के बारे में यात्रा मीडिया को जानकारी देने के लिए प्रेस बैठक का आयोजन भी किया । यात्रा व्यापार की नेटवर्किंग में सहायता के लिए इंडिया ईवनिंग्स का भी आयोजन किया गया । इसके अतिरिक्त भारत पेवेलियन में क्विजीन, निरोगता, योग, वन्यजीवन तथा लग्जरी आदि जैसे निश पर्यटन उत्पादों सहित विभिन्न पर्यटन उत्पादों को प्रदर्शित किया गया ।

(ii) पर्यटन मंत्रालय ने अप्रैल-जून, 2022 के दौरान नौ देशों यथा ओमान, यूएसए, जर्मनी, ऑस्ट्रेलिया, सिंगापुर, थाइलैंड, स्पेन, यूके और फ्रांस में वर्चुअल रोड शोज़ के पहले दौर के इन्क्रेडिबल इंडिया रीकनेक्ट कार्यक्रम का आयोजन किया । इंडिया रीकनेक्ट कार्यक्रम/रोड शोज़ के दूसरे दौर का आयोजन जुलाई-सिंतम्बर 2022 में शीर्षस्थ नौ स्रोत देशों यथा इटली, पुर्तगाल, जापान, दक्षिण कोरिया, मलेशिया, श्रीलंका, नीदरलैंड, कनाडा और फ्रांस में किया गया ।

(iii) भारत के बौद्ध गंतव्यों में अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों के आगमन में वृद्धि के लिए पर्यटन मंत्रालय ने बुद्ध के जीवन तथा भारत में बुद्ध और बौद्ध धर्म से जुड़े विभिन्न स्थलों पर आधारित अंतर्राष्ट्रीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया । इन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं का उद्देश्य भारत में स्थित बौद्ध गंतव्यों में अंतर्राष्ट्रीय पर्यटक आगमन में वृद्धि करना और चीन, वियतनाम, कंबोडिया, श्रीलंका आदि जैसे बौद्ध देशों में युवाओं तथा छात्रों के बीच भारत की यात्रा के प्रति उत्सुकता पैदा करना था।

(ख) और (ग) : यात्रा व्यापार, राज्य सरकारों और भारतीय मिशनों तथा अप्रवासी भारतीयों के सहयोग से एकीकृत विपणन और संवर्धन कार्यनीति के जरिए उपरोक्त उद्देश्यों को पूरा किया गया। भारत के विभिन्न पर्यटन उत्पादों के संवर्धन के लिए सरकार उद्योग विशेषज्ञों तथा अन्य संबंधित हितधारकों के साथ नियमित रूप से विचार-विमर्श करती है और उनके फीडबैक तथा सुझावों पर विचार करती है ।

पर्यटन मंत्रालय के अनुरोध पर विदेश मंत्रालय ने भारतीय मिशनों में पर्यटन अधिकारी नामित किए हैं ।

यात्रियों के आगमन में वृद्धि के लिए पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार ने ''अतुल्य भारत! विजिट इंडिया ईयर 2023'' की घोषणा की है ।

*****